साप्ताहिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक



## महत्वपूर्ण एवं खास

### नाबालिग लड़की ने प्रेमी के साथ मिलकर की सौतेली मां की हत्या

राजनांदगांव (आरएनएस)। लालबाग थाना क्षेत्र के भाठागांव में एक नाबालिक लड़की ने अपने प्रेमी के साथ मिल कर सौतेली मां की हत्या कर दी। सैतेली मां रोज लड़की के अफेयर को लेकर ताने मारती थी। जिसके चलते दोनों में रोज विवाद होता था। इन्ही विवादों के चलते लड़की और उसके प्रेमी ने सौतेली मां को रात के वक्त गला दबाकर हत्या कर दी। जानकारी मिलने पर भाठागांव की पुलिस ने लड़की और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर जांच में जुट गई है।

### शिक्षाकर्मियों के संविलियन पर सस्पेंस कायम

#### हाईपावर कमेटी की रिपोर्ट आज होगी पेश

रायपुर (आरएनएस)। शिक्षाकर्मियों के संविलियन को लेकर अभी भी संशय की स्थिति बनी हुई है। इधर सरकार चरणबद्ध संविलियन का भी रास्ता अपना सकती है। इन सब के बीच यदि शिक्षाकर्मियों का संविलियन होता है तो एक अनुमान के अनुसार राज्य सरकार पर सीधे-सीधे 2400 करोड़ का अतिरिक्त वित्तीय भार आ सकता है।

### बीएसपी के डीजीएम के घर चोरी का एक आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

भिलाई (आरएनएस)। दुर्ग क्राईम ब्रांच प्रभारी के नेतृत्व में टीम द्वारा संधन पेट्रोलिंग कर चोरो एवं उठाईगिरो पर निगाह रखी जा रही थी इसी दौरान जरिये मुखबीर सूचना प्राप्त हुई की खुर्सीपार क्षेत्रातंर्गत रहने वाले आरोपी अब्दूल मनान सोना चांदी बेचने के फिराक में ग्राहक तलाश करते हुये धूम रहा है और अधिक रूपये खर्च कर रहा है जिसकी गतिविधियॉ संदिग्ध लग रही है कि सूचना पर टीम द्वारा दबिश देकर घेराबंदी कर उक्त आरोपी को पकड़कर पूछताछ किया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर घुमा फिराकर जबाव देने लगा जिसके पश्चात कडाई से पूछताछ करने पर 11 मई को सेक्टर 10 एवन्यु ए 2 बी भिलाई नगर के सुने मकान से सोना चांदी के जेवरात को अपने साथी ईमरान (मुंबई) के साथ मिलकर चोरी करने का जुर्म स्वीकार किया। आरोपी द्वारा बंद मकान का रैकी कर ताला तोड़कर चोरी के घटना को अंजाम देता था।

आरोपी के निशानदेही पर नगदी रकम एवं ताला काटने का कटर बरामद किया गया। मुख्य आरोपी ईमरान (मुंबई) का रहने वाला है जो पकड़े जाने के भनक लगते ही वहॉ से फरार हो गया है। चोरी की सम्पत्ति सोने चांदी के जेवर ईमरान (मुंबई) के पास ही रखा हुआ है जिसकी पता तलाश सरगर्मी से की जा रही है।

# नया रायपुर में बॉटनिकल गार्डन में तालाबों की खुदाई के दौरान करोड़ों का भ्रष्टाचार-जकांछ ने लगाया आरोप

## बिना टेण्डर निकाले फर्मों को दिया गया ठेका | फर्जी वाहनों के नंबर पर कर दिया गया बिल पास | ईओडब्ल्यू एवं प्रमुख सचिव वन विभाग से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की

रायपुर (आरएनएस)। जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रवक्ता एवं मीडिया समन्वयक संजीव अग्रवाल ने एक प्रेसवार्ता में नया रायपुर में बॉटनिकल गार्डन में तालाबों की खुदाई एवं उससे निकली मिट्टी व मुरूम ढुलाई के कार्य में करोड़ों का भ्रष्टाचार होने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि तालाबों की खुदाई एवं मिट्टी व मुरूम की ढुलाई का काम बिना टेण्डर निकाले फर्मो को ठेके पर दे दिया गया है। श्री अग्रवाल ने बताया कि इस संबंध की शिकायत प्रमुख सचिव वन एवं ईओडब्ल्यू से करते हुए कार्यवाही करने की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यवाही नहीं होने पर वे मामले को लेकर न्यायालय जाएंगे।

प्रदेश प्रवक्ता ने बताया कि सूचना के अधिकार के तहत वन मंडल अधिकारी रायपुर वन मंडल कार्यालय से निकाली गई जानकारी के अनुसार बॉटनिकल गार्डन में तालाब क्र.3 एवं क्र.4 के खुदाई कार्य के लिए कोई भी निविदा आमंत्रित नहीं की गई थी। इन तालाबों के गहरीकरण व स्टोन पिचिंग आदि के निर्माण कार्य व अन्य कार्यों में वर्ष 2015-16 में अनुमोदित वित्तीय प्रावधान में कुल स्वीकृत राशि 745.32 लाख रूपये थी और जारी राशि 600 लाख रूपये थी। श्री अग्रवाल ने बताया कि इस कार्य में जिन कंपनियों के वाहनों द्वारा मिट्टी व मुरूम ढुलाई का कार्य कराकर भुगतान कराया गया। उनमें लगभग सभी वाहनों का नंबर फर्जी है। मिट्टी व मुरूम ढुलाई के कार्य में ट्रेक्टर एवं ट्रक के अलावा कई कार एवं मोटरसायकों के नंबर भी शामिल है। जिन्हें लाखों करोड़ों का भुगतान किया गया है। उन्होंने बताया कि कारों में एक कार का नंबर छग राज्य वन विकास निगम के एमडी का भी शामिल है। उन्होंने कहा कि बॉटनिकल गार्डन बनाने के लिए बाहर से मुरूम व मिट्टी की खरीदी की गई है, जबकि तालाबों की खुदाई से ही मुरूम व मिट्टी निकलती है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुरूम खरीदी में भी भ्रष्टाचार किया गया है। इसके अलावा प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि गार्डन में 62 हजार पौधों का रोपण भी किया गया है। उन्होंने कहा कि उपरोक्त किसी भी फर्मों द्वारा वन विभाग को दिए गए बिल में किसी भी वाहन के पंजीयन नंबर का उल्लेख नहीं किया गया है जबकि वन विभाग के दस्तावेजों में उनका उल्लेख किया है। श्री अग्रवाल ने यह भी आरोप लगाया कि उक्त कार्य में खाद खरीदी में भी भ्रष्टाचार किया गया है। उन्होंने बताया कि नया रायपुर में कार्य के लिए अंबिकापुर खाद वितरक से 50 किलोग्राम प्रति बैग 439 रूपये में खरीदा गया है जबकि उक्त विक्रेता से संपर्क करने पर उसने 50 किलोग्राम खाद प्रति बैग को 250 रूपये बताया है। इस तरह खाद खरीदी में भी भारी भ्रष्टाचार हुआ है।

### स्टील प्लांट के भू-प्रभावित किसानों की बेटियों ने मांगी नौकरी

जगदलपुर (आरएनएस)। एनएमडीसी द्वारा स्थापित स्टील प्लांट प्रभावित किसानों की बेटीयो ने जिन्हें पुनर्वास नीति यथा संशोधित 2007 का हवाला देते हुए नौकरी से वंचित कर दिया गया है। उन्होंने कलेक्टर एवं भु-अर्जन अधिकारी बस्तर से मिल कर नौकरी की मांग की। 2006 के पूर्व पैत्रिक संम्पति पर अधिकार न मानते हुए नौकरी का लाभ नही दिया जा रहा है जबकि वही 2006 के बाद के बटवारे पर बेटों को यह अधिकार दिया जा चुका है। उन्होने कलेक्टर से निवेदन किया है कि भेद-भाव को न करते हुए हमें भी बेटो की तरह ही एनएमडीसी मे नौकरी का लाभ दिलावें ! कलेक्टर म ने कहा कि जांच के बाद कार्यवाही की जायेगी तथा जरूर न्याय मिलेगा, लगभग 25-30 बेटियों ने कलेक्टर जगदलपुर से मिलने से पहले सांसद बस्तर तथा विधायक जगदलपुर से मिल कर अपनी समस्या को अवगत कराया जिस पर विधायक ने अपना अभिमत देते हुए मांग पत्र मूलतः कलेक्टर को प्रेषित कर दिया।

### अजीत जोगी के स्वास्थ्य में सुधार, आज पेईंग वार्ड में होंगे शिफ्ट

रायपुर (आरएनएस)। छग के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जनता कांग्रेस छग के संस्थापक अजीत जोगी के स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो रहा है। आज गुरूग्राम से जारी मेडिकल बुलेटिन के अनुसार सुबह 10 बजे रूटिंग चैकअप के दौरान मेदांता हास्पिटल के



ट्रीटिंग डाक्टर नरेश त्रेहान एवं डा. यतिन मेहता ने मीडिया को जानकारी देते हुये बताया कि जोगी अब संक्रमण से मुक्त है। उनकी हालत पहले से बेहतर है। आज जोगी को प्राइवेट रूम में शिफ्ट करने की तैयारियां चल रही है। ज्ञातव्य है कि अजीत जोगी की पीठ में पिछले दो महीनों से पीठ के दर्द का इलाज किया जा रहा है। इसी कड़ी में कल 07 जून को देश के विख्यात दर्द चिकित्सक डॉक्टर जी.पी. दुरेजा अपनी टीम के साथ मेदांता अस्पताल पहुंचे। साथ ही श्री नारायणा अस्पताल रायपुर के पेन मैनेजमेंट विशेषज्ञ डॉक्टर पंकज ओमर विशेष रूप से श्री जोगी को देखने रायपुर से मेदांता अस्पताल आये। विशेषज्ञगण, श्री जोगी की एवं गहन क्लिनिकल जांच के उपरांत, इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि व्यस्ततम दिनचर्या, लगातार दौरे और रोज़ाना हज़ारों लोगों से घंटों वील्चेर पर लम्बे समय बैठकर मिलने की वजह से यह दर्द उठा है।

### जमीन के दस्तावेज में कांटछांट करने वाले 10 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। न्यायालय के आदेश पर पांच साला रिकार्ड में कांटछांट करने वाले 10 लोगों के खिलाफ सिविल लाईन पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया श्रीमति अरूणा देवी जैन पति स्व.शांतिलाल जैन 54 वर्ष रायपुर की रहने वाली है। प्रार्थिया ने न्यायालय के परिवाद में आवेदन लगाया था कि आरोपी सुरेश कुमार वैद्य 52 वर्ष, श्रीमति शांति जैन, प्रकाश गोलछा, मुंसीराम दावड़ा, अविनाश सिन्हा, शरद शुक्ला, परमित सिंग, कमल नारायण पाठक, मेहत्तर साहु व अरूण कुमार निम्बालकर ने टिकरापारा स्थित भूमि खसरा नंबर 441/5 को पांच साला रिकार्ड में फर्जी तरीके से कांटछांट कर बेच दिया।




स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931